1. **भारत में कागज का प्रयोग कब से प्रारंभ हुआ?**

(a) 12वीं शताब्दी (b) 13वीं शताब्दी

(c) 14वीं शताब्दी (d) 15वीं शताब्दी

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63rd B.P.S.C. (Pre) 2017**

**उत्तर–(a)**

विश्व में सर्वप्रथम कागज का आविष्कार चीन में हुआ था। भारत में कागज का प्रयोग 12वीं शताब्दी में प्रारंभ हुआ। आशुतोष संग्रहालय कलकत्ता में 1105 ई. का पेपर संरक्षित किया गया है, जिसका शीर्षक पंचरक्षा है। यह भारत में कागज का सबसे प्राचीन प्रमाण है।

2. **'अलाई दरवाजा' का निर्माण किस सुल्तान ने करवाया?**

(a) इल्तुतमिश (b) बलबन

(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोज तुगलक

**42nd B.P.S.C. (Pre) 1997**

**उत्तर–(c)**

'अलाई दरवाजा' का निर्माण सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने 'कुतुबमीनार' के निकट करवाया था। इसका निर्माण लाल बलुआ पत्थरों तथा सफेद संगमरमर के द्वारा हुआ। यह 1311 ई. में बनकर तैयार हुआ। इल्तुतमिश के मकबरे की तरह इसमें एक चौकोर बड़ा कमरा है, जिसकी छत पर एक गुंबद है। इसमें घोड़े के नाल के आकार की मेहराब का प्रयोग सर्वप्रथम हुआ है। इसमें चतुष्केंद्रीय मेहराब (ट्यूडर मेहराब) का एक प्रमुख वास्तु तत्व के रूप में सर्वप्रथम प्रयोग किया गया है।

3. **घोड़े के नाल के आकार की मेहराब सर्वप्रथम प्रयोग में लाई गई थी–**

(a) इल्तुतमिश के मकबरे में (b) गियासुद्दीन तुगलक के मकबरे में

(c) अलाई दरवाजा में (d) कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद में

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2016**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

. निम्नलिखित में से किसने कुतुबमीनार के निर्माण में योगदान नहीं दिया–

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) इल्तुतमिश

(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोजशाह तुगलक

U.P. P.C.S. (Pre) 2003

U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2002

उत्तर–(c)

कुतुबमीनार का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने आरंभ कराया और सुल्तान इल्तुतमिश के काल में इसका निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। प्रसिद्ध सूफी ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर इसका नाम 'कुतुबमीनार' रखा गया। यह गोलाकार तथा पंचमंजिली इमारत है। फिरोजशाह तुगलक के शासनकाल में इसकी चौथी मंजिल को काफी हानि पहुंची थी, जिस पर फिरोज ने चौथी मंजिल के पुनर्निर्माण के साथ-साथ पांचवीं मंजिल का भी निर्माण करवाया। इस प्रकार 'कुतुबमीनार' में चार मंजिलों के स्थान पर पांच मंजिलें बन गईं, जो आज भी विद्यमान हैं। सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने कुतुबमीनार के निर्माण में कोई योगदान नहीं किया था।

5. निम्न में से किस सुल्तान ने कुतुबमीनार की पांचवीं मंजिल का निर्माण कराया?

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) इल्तुतमिश

(c) फिरोजशाह तुगलक (d) सिकंदर लोदी

U. P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2004

उत्तर–(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

6. भारत में प्रथम मकबरा, जो शुद्ध इस्लामी शैली में निर्मित हुआ था–

(a) हुमायूं का मकबरा (b) बलबन का मकबरा

(c) ऐबक का मकबरा (d) अलाउद्दीन का मकबरा

U.P. P.C.S. (Spl.) (Pre) 2004

उत्तर–(b)

भारत में विशुद्ध हिंद इस्लामी शैली में निर्मित प्रथम मकबरा सुल्तान बलबन द्वारा नई दिल्ली में मेहरौली के समीप बनवाया गया स्वयं का मकबरा था। बलबन के मकबरे में सर्वप्रथम मेहराब का वास्तविक रूप दिखाई पड़ता है। वहीं अलाई दरवाजा में सर्वप्रथम घोड़े के नाल के आकार की मेहराब का प्रयोग दिखाई पड़ता है। खिज्र खान द्वारा निर्मित जमात-ए-खाना मस्जिद पूर्णतः इस्लामी शैली में निर्मित प्रथम मस्जिद है।

7. प्रथम वास्तविक मेहराब किस सल्तनतकालीन स्मारक में दृष्टिगत है?

(a) इल्तुतमिश का मकबरा (b) बलबन का मकबरा

(c) अलाई दरवाजा (d) कुव्वत-उल इस्लाम मस्जिद

Jharkhand P.C.S. (Pre) 2016

उत्तर–(b)

बलबन का मकबरा मेहरौली (नई दिल्ली) के निकट में स्थित है। मकबरे का कक्ष वर्गाकार है। सर्वप्रथम इस मकबरे में मेहराब का वास्तविक रूप दिखाई पड़ता है।

8. निम्नलिखित पर विचार करें–

1. तुगलकाबाद किला 2. लोदी गार्डन

3. कुतुबमीनार 4. फतेहपुर सीकरी

सही कालानुक्रमिक क्रम, जिसमें इनका निर्माण हुआ है–

(a) 3, 1, 4, 2 (b) 3, 1, 2, 4,

(c) 1, 3, 2, 4 (d) 1, 3, 4, 2

I.A.S. (Pre) 1998

उत्तर–(b)

गयासुद्दीन तुगलक (1320-25 ई.) ने तुगलक वंश की स्थापना के बाद दिल्ली में एक नगर की स्थापना की और उसका नाम 'तुगलकाबाद' रखा। इसे सुरक्षित रखने के लिए उसने एक किले का निर्माण कराया। लोदी गार्डन लोदी शासनकाल (1451-1526 ई.) में निर्मित हुआ। कुतुबमीनार के निर्माण का प्रारंभ कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.) ने किया एवं यह इल्तुतमिश (1211-36 ई.) के कार्यकाल में पूरा हुआ। फतेहपुर सीकरी की स्थापना एवं निर्माण अकबर (1556-1605 ई.) द्वारा किया गया।

9. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

| सूची-I (भवन) | सूची-II (निर्माणकर्ता) |
|---|---|
| A. सुल्तान गढ़ी | 1. अलाउद्दीन खिलजी |
| B. लाल महल | 2. कुतुबुद्दीन ऐबक |
| C. जमात खाना मस्जिद | 3. इल्तुतमिश |
| D. ढाई दिन का झोपड़ा | 4. बलबन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

U.P.P.C.S. (Pre) 2022

उत्तर–(*)



Scanned with OKEN Scanner

सूची-I और सूची-II का सही सुमेलन निम्नवत है-

| सूची-I (भवन) | सूची-II (निर्माणकर्ता) |
|---|---|
| सुल्तान गढ़ी | इल्तुतमिश |
| लाल महल | बलबन |
| जमात खाना मस्जिद | खिज्र खान |
| अढ़ाई दिन का झोपड़ा | कुतुबुद्दीन ऐबक |

10. 'कीर्ति स्तंभ प्रशस्ति' के रचयिता थे–
(a) सोमदेव (b) जैता
(c) नाथा (d) अत्रि कवि

R.A.S./R.T.S. (Pre) 1999

उत्तर–(d)

मालवा विजय के उपलक्ष्य में मेवाड़ के राणा कुंभा ने चित्तौड़गढ़ में कीर्ति स्तंभ का निर्माण कराया था। कीर्ति स्तंभ का निर्माण जैता ने किया था, जबकि कीर्ति स्तंभ के प्रशस्तिकार अत्रि और महेश थे।

11. चित्तौड़ का 'कीर्ति स्तंभ'' निर्मित हुआ था शासनकाल में–
(a) राणा कुंभा के (b) राणा हम्मीर के
(c) राणा रतनसिंह के (d) राणा संग्राम सिंह के

U.P.P.C.S. (Mains) 2008
U.P.P.C.S. (Pre) 2010
U.P.P.C.S. (Mains) 2011

उत्तर–(a)

राणा कुंभा के शासनकाल में चित्तौड़ का कीर्ति स्तंभ निर्मित हुआ था। यह स्तंभ उसकी उपलब्धियों का अद्वितीय स्मारक है। इसका निर्माण राणा कुंभा ने महमूद खिलजी पर विजयश्री प्राप्त कर उसकी स्मृति में कराया था। वह विद्वान के साथ-साथ एक महान संगीतकार एवं कुशल वीणावादक था। उसने संगीतशास्त्र पर अनेक ग्रंथों की रचना की थी।

12. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित नहीं है?
(a) अजमेर - कुव्वत-उल-इस्लाम (b) जौनपुर - अटाला मस्जिद
(c) मालवा - जहाज़ महल (d) गुलबर्गा - जामा मस्जिद

U.P.P.C.S. (Pre) 2011

उत्तर–(a)

प्रश्न में दिए गए स्थापत्य और उनसे संबंधित स्थलों का सुमेलन निम्नानुसार है–

| स्थल | स्थापत्य |
|---|---|
| दिल्ली | कुव्वत-उल-इस्लाम |
| जौनपुर | अटाला मस्जिद |
| मालवा | जहाज़ महल |
| गुलबर्गा (कलबुर्गी) | जामा मस्जिद |

13. सुमेलित कीजिए–

| वास्तु शैली | संबद्ध राजवंश |
|---|---|
| A. मेहराब की निचली सतह पर कमलकलि की झालर | i. शर्की |
| B. अष्टभुजीय मकबरों का उदय | ii. विजयनगर |
| C. स्तंभों में बोदिगोई का प्रयोग | iii. खिलजी |
| D. झुकी हुई दीवारों के साथ विशाल मुख्य द्वार | iv. तुगलक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iii | iv | ii | i |
| (b) | iii | i | iv | ii |
| (c) | ii | i | iv | iii |
| (d) | i | ii | iv | iii |

R.A.S./R.T.S. (Pre) (Re-Exam) 2013

उत्तर–(a)

सही सुमेलन हैं–

| वास्तु शैली | संबद्ध राजवंश |
|---|---|
| मेहराब की निचली सतह पर कमलकलि की झालर | खिलजी |
| अष्टभुजीय मकबरों का उदय | तुगलक |
| स्तंभों में बोदिगोई का प्रयोग | विजयनगर |
| झुकी हुई दीवारों के साथ विशाल मुख्य द्वार | शर्की |

# दिल्ली सल्तनत : साहित्य

## नोट्स

***अबुल हसन यामिनुद्दीन खुसरो**, जिसे प्रायः **अमीर खुसरो** के नाम से जाना जाता है, का **जन्म 1253 ई.** में उत्तर प्रदेश के **वर्तमान कासगंज** जिले के पटियाली नामक स्थान पर हुआ था। *खुसरो ने स्वयं को **'तूती-ए-हिंद'** कहा है। *वह लगभग 8 वर्ष की आयु में ही कविता रचने लगा था। *ऐतिहासिक विषय को लेकर उसकी **पहली मसनवी किरान-उस-सादेन** है। *उसकी अन्य रचनाओं में **मिफ्ताह-उल-फुतूह, खजाइन-उल-फुतूह (तारीख-ए-अलाई), आशिका, नूह सिपिहर** तथा **तुगलकनामा** प्रमुख हैं। ***तुगलकनामा** अमीर खुसरो की **अंतिम ऐतिहासिक मसनवी** है। ***खुसरो पहला मुसलमान** था, **जिसने भारतीय होने का दावा** किया था। *अमीर खुसरो स्वयं कहता है–''वह संस्कृत एवं अन्य भारतीय भाषाएं, जो हिंदवी के भाग हैं, जानता है।'' एक दोहे में वह कहता है : ''मै एक भारतीय तुर्क हूं, मै हिंदवी बोलता हूं। मुझे अरबी में बोलने की मधुरता (Sweetness) नहीं है'' *भारत में कव्वाली नामक संगीत गायन शैली के प्रारंभिक रूप के आरंभकर्ता अमीर खुसरो थे।



Scanned with OKEN Scanner